मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-593
08/12/2021

# मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिलान्तर्गत महाने बीयर सिंचाई परियोजना का किया स्थलीय निरीक्षण, पुनर्स्थापन कार्य को लेकर अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**पटना, 08 दिसम्बर 2021 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड के कटियारी ग्राम पंचायत अंतर्गत महाने बीयर सिंचाई परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस ने महाने बीयर सिंचाई परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सचिव जल संसाधन को निर्देश दिया कि महाने बीयर सिंचाई परियोजना के डैमेज पिलर, प्रोटेक्शन वाल, बोल्डर पिचिंग, बेलहरवा महाने लिंक कैनाल के सुपर पैसेज सहित अन्य चीजों को दुरूस्त करायें। उन्होंने कहा कि इसके डिसिल्टेशन का कार्य भी कराएं।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर सिंचाई कार्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम आपकी समस्या जानने आए हैं और आपकी सिंचाई एवं अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन कर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कमांड एरिया से आने वाले पानी का माइनर डिस्ट्रिब्यूट्री कार्य कराएं ताकि ग्रामीणों को सिंचाई कार्य में सुविधा हो। जल वितरण की ऐसी व्यवस्था बनाएं कि अधिक से अधिक किसानों को इससे फायदा हो और सभी को सिंचाई में सहुलियत हो। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि महाने बीयर सिंचाई परियोजना का जल्द पुनर्स्थापन कार्य शुरु कराएं। इसके पूर्ण होने से आस पास के कई गांवों को फायदा होगा।

निरीक्षण के दौरान सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, आयुक्त मुंगेर प्रमंडल श्री प्रेम सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री पंकज सिन्हा, जिलाधिकारी श्री नवीन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जग्गु नाथ रेड्डी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

******